Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to enact a law providing financial security to workers associated with film-making-laid.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): हमारे देश में फ़िल्म जगत का प्रमुख स्थान है । मानव जीवन , समाज और देश के विभिन्न पहलुओं को अभिव्यक्त करने के लिए फ़िल्म एक सशक्त माध्यम है । इसके साथ ही देश की कला और संस्कृति को जीवंत रखने का भी यह एक सशक्त माध्यम है । फ़िल्म जगत रोज़गार का एक बड़ा ज़रिया है । हमारे देश में लाखों लोग फ़िल्म निर्माण से जुड़े हुए हैं । फ़िल्म निर्माताओं - निर्देशकों को फ़िल्म निर्माण से होने वाली आय का बड़ा हिस्सा मिलता है लेकिन फ़िल्म निर्माण से जुड़े कलाकार और अन्य लोग इस लाभ से वंचित रह जाते हैं और वृद्धावस्था में जब वे काम करने लायक़ नहीं रह जाते तो उन्हें भुखमरी का शिकार होना पड़ता है । अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि क़ानून बना कर फ़िल्म की रॉयल्टी से होने वाली आय का एक हिस्सा फ़िल्म निर्माण से जुड़े कलाकारों को दिया जाय ताकि उनके लिए आजीवन जीवन यापन का साधन उपलब्ध रहे । दुनिया के विभिन्न देशों में इस प्रकार के क़ानून बने हुए हैं और कलाकारों को सामाजिक सुरक्षा के साधन उपलब्ध हैं । अतः मै केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि यथाशीघ्र ऐसा क़ानून बनाना चाहिए ।